## एक नजर में



### मुख्यमंत्री ने किया फोल्डर का विमोचन

**उज्जैन।** इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान और राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश मुख्यालय उज्जैन द्वारा आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित 17वीं सीनियर मेंस एवं विमेंस नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इस भव्य आयोजन के आधिकारिक फोल्डर का विमोचन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। शैलेंद्र व्यास ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने न केवल स्पर्धा के फोल्डर का विमोचन किया, बल्कि चैंपियनशिप के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का आमंत्रण भी सहर्ष स्वीकार कर लिया है। यह आयोजन आगामी 28 से 29 मार्च को इंदौर के बास्केटबॉल कोर्ट में होने जा रहा है। यह चैंपियनशिप देश की सबसे बड़ी बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिताओं में से एक होगी। इसमें देशभर से आए पुरुष और महिला बॉडीबिल्डर्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेताओं के लिए कुल 21 लाख रुपए की नकद इनामी राशि (केश प्राइज) रखी गई है। फोल्डर विमोचन और आमंत्रण के इस विशेष अवसर पर प्रेम सिंह यादव, अतिन तिवारी, जितेन्द्र सिंह कुशवाहा, शैलेंद्र व्यास, रोहित जेठवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### जंप रोप स्पर्धा में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**उज्जैन।** उज्जैन डिस्ट्रिक्ट जंप रोप एसोसिएशन के तत्वावधान में अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में द्वितीय इंटर स्कूल जंप रोप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के 7 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के डायरेक्टर राहुल पंड्या, एकेडमिक डायरेक्टर सरोज वागले, सीसीओ राखी मेहता और उप-प्राचार्य पल्लवी दिवाकर उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत बुके और माला से किया गया। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से परिचय प्राप्त किया और अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका दिव्या चौहान, अभिषेक परमार, परीक्षित पंड्या और सोनू प्रजापति, धीरेंद्र सिंह गौड़ ने निभाई। संचालन कुलदीप सिसोदिया ने किया और इस दौरान मध्य प्रदेश जंप रोप सचिव मुकुंद झाला विशेष रूप से मौजूद रहे।

### ध्वजा आरोहण के साथ उत्सव का शुभारंभ

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा में उत्सव का औपचारिक और विधिवत शुभारंभ हो गया है। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री पूज्य स्वामी महंत हरि गिरि महाराज के विशेष दिशा-निर्देशन में यह मंगल कार्य संपन्न हुआ। महाशिवरात्रि से पूर्व, नीलगंगा स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर और अखाड़े के अन्य मंदिरों पर सभी अखाड़ों के साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवीन ध्वजा का आरोहण किया गया। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय सचिव महंत रामेश्वर गिरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस ध्वजारोहण के साथ ही आज से उज्जैन स्थित जूना अखाड़ा की सभी शाखाओं पर महाशिवरात्रि पर्व की विधिवत शुरुआत हो चुकी है। अब शिवरात्रि तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। इस भव्य आयोजन में विभिन्न अखाड़ों के वरिष्ठ संतों और पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में विशेष रूप से जूना अखाड़े के महंत परमानन्द गिरी महाराज, महंत पुकार गिरी महाराज और महंत देव गिरी महाराज उपस्थित रहे। अन्य अखाड़ों का प्रतिनिधित्व करते हुए निरंजनी अखाड़े के महंत सुरेश आनंदपुरी महाराज, अग्नि अखाड़े के महंत कृष्णानंद ब्रह्मचारी महाराज और महानिर्वाणी अखाड़े के महंत मुकुंदपुरी महाराज ने भी ध्वजा पूजन में भाग लिया। इनके साथ ही अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता डॉ. गोविंद सोलंकी, समन्वयक डॉ. राहुल कटारिया, शुभम जैन सहित बड़ी संख्या में अन्य भक्तजन और श्रद्धालु मौजूद रहे।

### प्रेमचंद की कहानी जिहाद पर होगा विशेष विमर्श

**उज्जैन।** महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद के साहित्य और उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा के लिए आज शुक्रवार, 13 फरवरी को शहर में एक विशेष साहित्यिक आयोजन होने जा रहा है। प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन, साहित्य अकादमी (मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद) और मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का विषय प्रेमचंद कथासागर के अनछुए किनारे रखा गया है, जो दोपहर 3 बजे से कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में शुरू होगा। प्रेमचंद सृजन पीठ, उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि यह व्याख्यान मुख्य रूप से प्रेमचंद की चर्चित कहानी जिहाद के संदर्भ में केंद्रित रहेगा। इस गरिमामय साहित्यिक आयोजन में देश और प्रदेश की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। मुख्य अतिथि प्रो. बीएल आच्छा जाने-माने आलोचक एवं वरिष्ठ साहित्यकार होंगे। अध्यक्षता डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा उज्जैन करेंगे। सारस्वत अतिथि डॉ. गोविन्द गन्धे निदेशक, कालिदास संस्कृत अकादमी, मुख्य वक्ता डॉ. रमेशचन्द्र चतुर्वेदी प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं प्रबोधक, विशिष्ट अतिथि डॉ. साधना बलवटे निदेशक, निराला सृजन पीठ, भोपाल होंगे। शहर के सभी सुधिजनों, साहित्यकारों और कला प्रेमियों को इस वैचारिक व्याख्यान में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

## जीवनखेड़ी में घाट निर्माण की मिट्टी धंसने से दबा मजदूर

### जेसीबी की मदद से निकाला शव, एक माह से कर रहा था काम







**उज्जैन। शिप्रा नदी के 19 किलोमीटर क्षेत्र में चल रहे घाट निर्माण के दौरान जीवनखेड़ी में बुधवार को हादसा हो गया। मिट्टी धंसने पर मजदूर दब गया। जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। गुरुवार सुबह बड़वानी से परिवार के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया है।**

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि जीवन खेड़ी में शिप्रा नदी किनारे घाट का निर्माण किया जा रहा है। बुधवार को काम के दौरान अचानक निर्माणाधीन घाट की मिट्टी से बनी दीवार धंस गई। जिसके नीचे मजदूर दब गया, उसे बाहर निकालने के लिए जेसीबी बुलवाई गई आधे घंटे बाद उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर सुरेश पिता नरसिंह 35 साल डूंगर गांव बड़वानी का रहने वाला था। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी। आज सुबह परिजन उज्जैन पहुंचे भाई कुशल ने बताया कि सुरेश एक माह पहले ही मजदूरी के लिए उज्जैन आया था उसके साथ जीजा भी आए थे लेकिन वह दूसरे स्थान पर चल रहे घाट निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। सुरेश पांच बच्चों का पिता था परिवार मजदूरी का ही काम करता है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा, जिसे अंतिम संस्कार के लिए बड़वानी ले जाया गया है। शहर में सिंहस्थ निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ब्रिज निर्माण, सड़क निर्माण घाट निर्माण जैसे कई कार्यों के लिए बाहर से मजदूर आए हुए हैं, 11 दिन पहले इंदौर उज्जैन सिक्स लेन मार्ग पर बना रहे ब्रिज निर्माण के सरियों के नीचे झारखंड का मजदूर दब गया था जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। चार दिन पूर्व बड़नगर मार्ग मुल्लापुरा क्षेत्र में चल रहा है ब्रिज निर्माण के दौरान मशीन चलाते समय पश्चिम बंगाल के मजदूर को हाथ में करंट लग गया था और उसकी जान चली गई थी। इससे पहले दिसंबर माह में नेपाल के मजदूर की मौत भैरवगढ़ थाना क्षेत्र में चल रहा है सीवरेज प्लांट निर्माण के दौरान मौत हुई थी। नेपाल के मजदूर की मौत के मामले में भैरवगढ़ थाना पुलिस द्वारा ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का प्रकरण दर्ज किया जा चुका है।

## पुलिस रिमांड पर चाकू मारकर आभूषण लूटने वाले बदमाश

**उज्जैन।** शादी से लौट रहे पुत्र और मां पर चाकू से हमला कर सोने-चांदी के आभूषणों के साथ मोबाइल लूटने वाले 3 बदमाशों को गुरुवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया और पूछताछ के लिए दो दिनों का रिमांड मांगा गया। बदमाशों से 6 लाख के आभूषण बरामद किए गए हैं। बदमाशों में दो सगे भाई हैं।

बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम गिंदवानिया में रहने वाले राहुल गुर्जर अपनी माता पन्नाबाई के साथ 4 फरवरी को शादी में शामिल होने ग्राम बरखेड़ा गया था। देर शाम लौटते वक्त खुरमुडी मार्ग ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास बाइक सवार 3 बदमाशों ने पाइप से हमला कर दोनों को गिरा दिया था और चाकू से वार कर पन्नाबाई से 1 किलो 700 ग्राम चांदी के आभूषण, सोने मुर्की और मोबाइल लूट लिया था। पन्नाबाई गंभीर घायल हुई थी। मामले में पुलिस ने राहुल गुर्जर की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 6 दिनों की तलाश के बाद बुधवार को लूट में शामिल 3 बदमाशों को ग्राम घिनौदा भाटपचलाना क्षेत्र से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बदमाशों में दिनेश पिता जानकीलाल



मोंगिया 25 साल निवासी ग्राम खेरवास जिला धार, उसका भाई घनश्याम मोंगिया 30 साल और गणेश उर्फ गणपत पिता दशरथ मोंगिया 40 साल निवासी मंदसौर है। पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर चांदी का कंदोरा, आंवले, कड़े, सोने की मुर्की, वीवो मोबाइल, लोहे का पाइप, चाकू, टीवीएस रेडॉन मोटर साइकिल बरामद की। थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार ने बताया कि तीनों बदमाशों को गुरुवार दो पर न्यायालय में पेश किया गया था जहां से पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। बदमाशों में शामिल घनश्याम के खिलाफ 11 और दिनेश के खिलाफ 9 आपराधिक मामले चोरी लूट के दर्ज है।

## शिप्रा तट पर होगा सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह

### वन और विक्रम व्यापार मेला भी आकर्षण का केंद्र, चार हजार कलाकारों की भागीदारी से भव्य आयोजन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार महाकाल की नगरी में धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक और व्यापारिक आयोजन एक साथ होने जा रहे हैं। जो उज्जैन के लिए भी एक बड़ा नवाचार है, इसमें इसमें शहरवासियों की सहभागिता बड़ी संख्या में हो, इसके लिए कलश यात्रा के माध्यम से आमंत्रण देते हुए आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा।

संभागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में विक्रमोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान संचालनालय और जिला प्रशासन के सहयोग से इस वर्ष विक्रमोत्सव का आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा। सभी विभागों को समय पूर्व तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर रोशन सिंह भी मौजूद रहे। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक राम तिवारी ने बताया कि 15 फरवरी सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ विक्रमोत्सव का शुभारंभ होगा। शाम 7.30 बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में संगीतकार प्रीतम की शिवोऽहम प्रस्तुति होगी।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ और कालिदास संस्कृत अकादमी में पौराणिक, ऐतिहासिक और जनजातीय विषयों पर सात प्रमुख प्रदर्शनियां लगेंगी। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में विक्रम व्यापार मेला आयोजित होगा, जिसमें वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हस्तशिल्प, हथकरघा, टेक्सटाइल, बैंक फाइनेंस और देशज व्यंजन के स्टॉल रहेंगे। 16 से 25 फरवरी: विक्रम नाट्य समारोह-कालिदास संस्कृत अकादमी में दस दिवसीय नाट्य समारोह होगा। इसमें अभिज्ञान शाकुंतलम, अंधायुग, चारुदत्तम सहित कई नाटकों का मंचन किया जाएगा। 26 से 28 फरवरी: इतिहास समागम और पुतुल समारोह-संस्कृति, साहित्य और पुरातत्व विषय पर इतिहास समागम आयोजित होगा। इसी दौरान विभिन्न शैलियों की कठपुतली प्रस्तुतियां भी होंगी। 28 फरवरी से 2 मार्च: अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी-मंदिर संस्कृति, वास्तु और पुनरुत्थान विषय पर शोध संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। 1 और 7 मार्च: कवि सम्मेलन-लोकरंजन के अंतर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तथा 7 मार्च को नारी शक्ति पर केंद्रित कवयित्री सम्मेलन होगा। 10 से 14 मार्च: वैचारिक एवं ज्योतिष संगोष्ठियां-संगीत, भारतीय ज्योतिष और ज्ञान परंपरा पर विशेष संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। 13 से 17 मार्च: शिव पुराण, लोकनृत्य और पौराणिक फिल्म महोत्सव, शिव पुराण पर आधारित प्रदर्शनी, लोकनृत्य-नृत्य नाटिका और अंतरराष्ट्रीय पौराणिक फिल्म महोत्सव आयोजित होगा। 25 से अधिक विदेशी भाषाओं की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। 7 से 18 मार्च: विज्ञान शोध संगोष्ठी-तारामंडल परिसर में वैज्ञानिक सम्मेलन और तकनीकी कार्यशाला आयोजित होगी। 19 मार्च: सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान-रामघाट पर कोटि सूर्योपासना के साथ दिन की शुरुआत होगी। शाम को शिप्रा तट पर अलंकरण समारोह में अंतरराष्ट्रीय सम्मान 1 करोड़ 1 लाख रुपए, राष्ट्रीय सम्मान 21 लाख रुपए और तीन राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किए जाएंगे।



इसी दिन सांगीतिक प्रस्तुति, ड्रोन शो और आतिशबाजी होगी। उत्सव में 41 से अधिक गतिविधियां आयोजित होंगी, जिनमें 4 हजार से अधिक कलाकार भाग लेंगे। 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में जल संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम होंगे। 19 से 22 अप्रैल को कृषि मेला, 5 मई को गंगा दशहरा कार्यक्रम, 23-24 मई को अंतरराष्ट्रीय जल सम्मेलन और 30 मई से 7 जून तक सदानीरा समागम आयोजित होगा। विक्रमोत्सव 2026 के माध्यम से उज्जैन में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक और आर्थिक गतिविधियों की व्यापक श्रृंखला आयोजित होगी, जो शहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देगी।

## बड़े बकायदार अपना संपत्ति कर जमा करें-अन्यथा अब कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई : निगमायुक्त

**उज्जैन।** नगर निगम संपत्ति कर विभाग अमले द्वारा करदाताओं से बकाया संपत्ति कर की राशि जमा करवाने एवं ऐसे बड़े बकायदारों जिनका 50 हजार से अधिक बकाया है। जिन्हें बार-बार सूचना पत्र जारी करने के बाद भी संबंधित द्वारा बकाया संपत्ति कर की राशि जमा नहीं की जा रही है। जिन पर कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को झोन क्रमांक 01 की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 01 के बकायदार मोहम्मद फारूक पिता मोहम्मद अयूब भवन क्रमांक 40 सिद्धवट मार्ग पर 82 हजार 997 की राशि बकाया होने से कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई की गई। शहर के समस्त संपत्ति करदाताओं से अपील की जाती है कि अपना बकाया संपत्ति कर जमा करते हुए शहर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही ऐसे बकायेदार जिनके द्वारा लंबे समय से संपत्ति कर जमा नहीं किया है वह भी अपने बकाया कर की राशि जमा करें। अन्यथा नगर निगम के अमले द्वारा कुर्की एवं तालाबंदी की प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शहर के समस्त कमर्शियल होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, हॉस्पिटल, मैरिज गार्डन इत्यादि भी अपने कर की राशि का निर्धारण करते हुए संपत्ति कर जमा करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## कलेक्टर ने महाशिवरात्रि पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचेगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा को महाकालेश्वर मंदिर, पार्किंग स्थल, भीड़ प्रबंधन व यातायात की संपूर्ण व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम अभिलाष मिश्रा को महाकालेश्वर मंदिर के बाहरी क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, फायरब्रिगेड की व्यवस्था, उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी को अस्थाई जूता स्टैंड संचालन व्यवस्था, वन मंडल अधिकारी अनुराग तिवारी को महाकालेश्वर मंदिर व बाह्य परिक्षेत्र, पार्किंग क्षेत्र में बंदरों की रोकथाम, मधुमक्खी के छत्ते हटाने की कार्यवाही करने, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष मालवीय को परिवहन व्यवस्था, एसडीएम लक्ष्मीनारायण गर्ग, एसडीएम कोठी महल पवन बारिया, एसडीएम कृतिका भीमावद को शांति एवं कानून व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी व समस्त विभागों से आवश्यक व्यवस्था के लिए समन्वय करने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल को महाकालेश्वर मंदिर के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था, पेरामेडिकल स्टॉफ, औषधि एवं आपातकालीन तैयारियों की व्यवस्था करने के लिए ड्यूटी निर्धारित की है।

## नागदा के युवक ने जेथल में खाया जहर, मौत

### पत्नी ने साथ चलने से कर दिया था मना

**उज्जैन। बीती शाम पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे पति ने जहर खा लिया। उसे अस्पताल लाया गया लेकिन कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है।**

नागदा की जबरन कॉलोनी में रहने वाला राहुल पिता मांगीलाल खिंची 32 वर्ष बीती शाम पत्नी को लेने के लिए ससुराल ग्राम छबरीखेड़ा पहुंचा था। बस से उतरते ही उसने पत्नी ममता को कॉल किया और लेने आने की बात कही। पत्नी के परिजनों ने फोन पर ही भेजने से मना कर दिया। इतना सुनते ही राहुल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ी तो लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद राहुल की मौत हो गई। आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि राहुल पेंटरी का काम करता था और शराब पीने का आदी था। उसकी आदतों के चलते चार माह से पत्नी दो बच्चों के साथ मायके में ही रह रही थी। वह राहुल से नशा छोड़ने की बात कह चुकी थी लेकिन राहुल नशे का आदी हो चुका था। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। शव अंतिम संस्कार के लिए परिजन नागदा लेकर गए हैं।

### इधर परिजनों से बोल खा लिया जहर

घर के बाहर सो रहे युवक ने रात में जहर खा लिया। हालत बिगड़ी तो परिजनों को नींद से जगाया और जहर खाने की जानकारी दी। युवक को अस्पताल लाया गया। मामला इंगोरिया के ग्राम मकड़ावन में रहने वाले गोवर्धन पिता तेजालाल परिहार 18 वर्ष का है। उपचार के दौरान रात में ही युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गोवर्धन खाना खाने के बाद घर के बाहर बरामदे में सोने चला गया था। उसने जहर क्यों खाया इसकी जानकारी नहीं है। बता दें कि शहर में ऐसा कोई दिन नहीं जा रहा जिसमें किसी युवक ने जहर नहीं खाया हो। प्रतिदिन हो रही इन घटनाओं पर भी विचार विमर्श होना चाहिए।

**शिवरात्रि उत्सव** | **कोटेश्वर महादेव की पूजा-आरती, गर्भगृह में अभिषेक**

## मनमहेश रूप में सजे भगवान महाकाल नीले वस्त्र, मखाने की माला पहनी

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में चल रहे शिव नवरात्रि उत्सव के सातवें दिन गुरुवार को भगवान महाकाल ने मनमहेश रूप में सजकर भक्तों को दर्शन दिए। नीले रंग के मखमली वस्त्र में मखाने की माला में सजे राजाधिराज छवि निराली थी।

सुबह 8 बजे मंदिर प्रांगण में स्थित कोटितीर्थ कुंड के किनारे पुजारी आशीष गुरु ने श्री गणेश पूजन व श्री कोटेश्वर महादेव का पूजन-अभिषेक कर आरती की। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 पंडितों भगवान महाकाल का गर्भगृह में एकादश-एकादशनी रूद्रपाठ से अभिषेक किया।



### ऋणमुक्तेश्वर महादेव में शिव नवरात्रि, 15 फरवरी को भंडारा चलेगा

ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पूर्व भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में शिव नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है। भगवान के प्रतिदिन दिव्य श्रृंगार हो रहे हैं। मंदिर के महंत श्री महावीर नाथ जी महाराज ने बताया उत्सव 7 फरवरी से प्रारंभ हुवा। 15 फरवरी को समापन होगा। शिव नवरात्रि के दौरान चंदन, शेषनाग, घटाटोप, छबीना, होलकर व मनमहेश श्रृंगार किए जा चुके हैं। उमा महेश व शिव तांडव रूप में भी श्रृंगार होगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर भगवान सप्तधान के साथ सेहरे के दर्शन कराए जाएंगे। प्रातः 9 बजे से मंदिर में भंडारा शुरू होगा।

### दादूराम आश्रम में 15 को पूर्णाहुति व भंडारा



दादूराम आश्रम सदावल रोड पर महाशिवरात्रि पर पांच दिनी श्री रूद्र महाकाल महायज्ञ एवं अभिषेक अनुष्ठान महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज के सानिध्य में शुरू हुवा। महंत पं. जस्सू गुरु महाराज ने बताया 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी। प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तक श्री रुद्र महाकाल महायज्ञ चल रहा है।

## महापौर टटवाल ने झोन क्रमांक 5 का औचक निरीक्षण किया

**उज्जैन।** गुरुवार को मक्सी रोड स्थित सब्जी मंडी के पास झोन क्रमांक 5 का महापौर मुकेश टटवाल द्वारा औचक निरीक्षण करते हुए झोन में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित कर्मचारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। महापौर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि झोन में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। साथ ही झोन में आने वाले नागरिकों को शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिले इस हेतु जानकारी चस्पा होना चाहिए एवं कार्यालय समय में कर्मचारी अपनी टेबल पर उपस्थित रहें। इस बात का भी ध्यान रखा जाए निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत उपस्थित रहे।

## सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर दिया भाजपा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी मनोज शर्मा का सीहोर से उज्जैन आगमन हुआ। उज्जैन पहुंचने पर उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात रामघाट मार्ग स्थित स्वागत पैलेस पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनोज शर्मा का भव्य स्वागत किया गया, जहां एक संगठन के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के नोशाद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में संगठन की गतिविधियों, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान मनोज शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, विशेषकर उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। ऐसे में सभी सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों की जिम्मेदारी है कि वे श्रद्धालुओं की सेवा कर प्रशासन का सहयोग करें। लाखों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन एवं क्षिप्रा स्नान के लिए उज्जैन आएंगे, जिनकी सेवा में सभी को योगदान देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट से युवाओं में सकारात्मक माहौल बना है। इस अवसर पर मनोज शर्मा के जन्मदिन पर ढोल-नगाड़ों के साथ केक काटकर उनका जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर इम्तियाज अंसारी, रवि भाई, लाला भाई, हनीफ भाई, अरहान पहलवान, अल्ताफ भाई, इमरान भाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।